# लुधियाना नगर निगम में 61 परिजनों को मिली नौकरी



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना में सोमवार को 61 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। ये नौकरियां उन परिवारों के सदस्यों को दी गई हैं, जिनके परिजन की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने नगर निगम जोन-डी कार्यालय में आयोजित समारोह में सभी को नियुक्ति पत्र दिए। समारोह में डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर, सुपरिटेंडेंट तरुण गोयल सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मेयर ने बताया कि सभी नियुक्तियां तर्स (कम्पैशनेट ग्राउंड) के आधार पर और उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार दी गई हैं। कुल 61 नियुक्तियों में 3 क्लर्क, 2 जूनियर ड्राफ्ट्समैन, 1 ड्राइवर, 12 सेवादार, 3 बेलदार, 3 सीवरमैन और 37 सफाई सेवक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मेयर इंदरजीत कौर ने नए कर्मचारियों से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ जनता की सेवा करें। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद कई कर्मचारी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि उनकी फाइलें कई सालों से लंबित थीं। कर्मचारियों ने नौकरी दिलाने के लिए मेयर इंदरजीत कौर का धन्यवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### लुधियाना में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर सेल्फी पॉइंट से टकराई

# रफ्तार का कहरः बेकाबू फॉर्च्यूनर 3 फीट ऊंचा पिलर लांघकर घुसी, दो युवक घायल

समर न्यूज़ | लुधियाना





लुधियाना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक भारत नगर चौक रविवार की रात करीब 12:30 बजे जंग का मैदान बन गया। यहां एक तेज रफ्तार काली फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर चौक के बीचों-बीच बने आई लव लुधियाना सेल्फी पॉइंट के स्ट्रक्चर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी 3 फीट ऊंचे सुरक्षा पिलर को लांघकर अंदर जा घुसी। चश्मदीदों और वहां मौजूद प्रदर्शनकारियों के मुताबिक कली फॉर्च्यूनर माल रोड की तरफ से बेहद तेज गति से आ रही थी। चौक के पास आते ही ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया गाड़ी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह सीधे चौक की बाउंड्री से टकराई। हवा में उछलते हुए कार ने 3 फीट ऊंचे पिलर को टक्कर मारी। हादसे के वक्त कार में दो युवक सवार थे। काफी मश्क्कतके बाद दोनों घायल दोनों युवक निकाले गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भरी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। कार के अंदर फंसे दोनों युवकों को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। कार के अंदर फंसे दोनों युवकों को लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घायलों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों को मामूली चोटों आई थीं। इसके चलते प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते की स्थानीय पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त फॉर्च्यूनर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं कि क्या ड्राइवर नशे में था या हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ।

# स्नेह जैन के आदर्श आज भी परिवारों को दे रहे हैं दिशा:मित्तल




भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल नवल जैन के साथ शोक व्यक्त करते।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना भाजपा के जिला उपप्रधान नवल जैन की धर्मपत्नी स्नेह जैन का गत दिनों बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष जतिंद्र मित्तल ने नवल जैन, विशाल जैन, विकास जैन, अंशुल जैन, सौरव जैन से संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्नेह जैन ने ताउम्र अपने जीवन में दुख सुख में भगवान का सिमरन करते हुए किसी को भी एक अपशब्द नहीं कहा। आज स्नेह जैन उनके बीच नहीं है लेकिन उनके आदर्श पारिवारिक सदस्यों का आज भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमोद कुमार अमित राय जसदेव तिवारी अंजीव गुलेरिया विक्की राणा मानवर सिंह रावत नीतीश हांडा लीलाधर सैनी नरेश गुप्ता अजीत सिंह सर्वजीत राणा देवी सहाय टंडन योगेश गुप्ता डॉ नरेन्द्र शर्मा सुरेश मिलनी हसंराज शर्मा दीपक झा सौरव ठाकुर सुमित गुप्ता ने भी पारिवारिक सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट की।

# कांग्रेस ने बीएलए-2 को दी SIR संबंधी ट्रेनिंग बूथ स्तर पर जिम्मेदारियों की दी जानकारी





चंडीगढ़ रोड स्थित ऐमसन रिसॉर्ट में बीएलए-2 का प्रशिक्षण कार्यक्रम कांग्रेस जिला प्रधान संजय तलवाड़ व अन्य।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में चुनाव आयोग द्वारा पंजाब में शुरू की जा रही SIR प्रक्रिया के संबंध में राज्य के 117 विधानसभा हलकों में बी.एल.ए.-2 ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लुधियाना शहर के हलका पूर्वी में जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष व पूर्व विधायक संजय तलवाड़ की अगुवाई में चंडीगढ़ रोड स्थित ऐमसन रिसॉर्ट में बी.एल.ए.-2 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पंजाब के सह-प्रभारी रविंदर डालवी और हरदीप सिंह किंगड़ा विशेष तौर पर शामिल हुए। उन्होंने हलका पूर्वी के 222 बूथों पर नियुक्त बी.एल.ए.-2 को चुनाव आयोग द्वारा शुरू की जा रही SIR प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और बूथ स्तर पर उनकी भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने बी.एल.ए.-2 से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी संगठन को मजबूत करने में योगदान दें।

इस अवसर पर हलका पूर्वी के विभिन्न बूथों पर तैनात बी.एल.ए.-2 को पहचान पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बूथ स्तर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ओमेक्स रेजिडेंस की महिलाओं ने धूमधाम से वुमंस डे मनाया

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

पक्खोवाल रोड स्थित क्राउन प्लाजा में इंटरनेशनल वुमेंस डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ओमेक्स रेजिडेंस की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से इस खास दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने तंबौला, डांस और कई तरह के गेम्स खेले तथा आपसी मेल-मिलाप के साथ उत्सव का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं ने न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी मेहनत और काबिलियत से भारत का नाम रोशन किया है।कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार साझा किए और कहा कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर मौजूद महिलाओं ने एक-दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।



# पंजाब में मावां धीयां सत्कार योजना के ऐलान से शहर में मनाया जश्न

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पंजाब सरकार ने महिलाओं के लिए बड़ी योजना का ऐलान किया है। राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री मावां धियां सत्कार योजना' के तहत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 और अन्य महिलाओं को 1000 प्रति माह सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जाएंगे। लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिलाओं से किया गया प्रमुख चुनावी वादा पूरा किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह फैसला लिया गया है। मेयर इंदरजीत कौर के मुताबिक, इस घोषणा के बाद लोगों में खुशी का माहौल है। शहर में जगह-जगह जश्न मनाया गया, जहां लोगों ने फूल बरसाए और ढोल की थाप पर नाचकर खुशी जताई। सरकार के अनुसार, इस योजना का लाभ पंजाब की करीब 97% वयस्क महिलाओं को मिलेगा। योजना के तहत दी जाने वाली राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। मेयर ने कहा कि इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना तथा बेटियों को पढ़ाई जारी रखने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद देना है।

# पांच शहरों में बीएनआई की तरफ से टूर्नामेंट का आयोजन




लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

13, 14 और 15 मार्च को पंजाब के पांच शहरों में बीएनआई की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ सदस्यों के बीच नेटवर्किंग और भाईचारे को मजबूत करना है। बीएनआई पदाधिकारियों के अनुसार, पंजाब के अलग-अलग शहरों से टीमें भाग लेंगी और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। खिलाड़ियों के लिए बेहतर मैदान, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच तालमेल और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी सहायक होती हैं। टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है, जबकि विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

# 7 फीट गहरे गड्ढे में गिरी ई-एक्टिवा, बुजुर्ग गंभीर घायल

### टूटी सड़क पर भड़का लोगों का गुस्सा, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़





शिवपुरी इलाके में प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। टूटी वाले मंदिर के पास खस्ताहाल सड़क पर बने करीब 7 फीट गहरे गड्ढे में 68 वर्षीय बुजुर्ग अपनी ई-एक्टिवा समेत गिर गए। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग अपने घर का सामान लेने के लिए ई-एक्टिवा पर निकले थे। जैसे ही वह टूटी वाले मंदिर के पास पहुंचे, सड़क की खराब हालत के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे गड्ढे में जा गिरे। बुजुर्ग को गिरता देख आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की। कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें ई-रिक्शा के जरिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मोहल्ला वासियों का आरोप है कि यह सड़क कई महीनों से टूटी हुई है और यहां अक्सर दोपहिया चालक गिरकर घायल हो जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर समय रहते सड़क की स्थिति नहीं सुधारी गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने स्थानीय पार्षद और विधायक से खस्ताहाल सड़क और जानलेवा गड्ढों को तुरंत ठीक करवाने की मांग की है।

**पार्षद बोले-रोड जालियां व सीवरेज पाइप का काम जारी**



*वार्ड 88 के पार्षद नीरज आहूजा ने बताया कि पिछली सरकारों ने इस इलाके की ओर ध्यान नहीं दिया। करीब 30 साल पुरानी सीवरेज प्रणाली के कारण बारिश के समय यहां 5 से 6 फीट तक पानी भर जाता था। उन्होंने बताया कि यह शिवपुरी की मुख्य सड़क है, जहां से रोज हजारों लोगों का आना-जाना होता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए करीब 32 लाख रुपये की लागत से रोड जालियां और नई सीवरेज पाइप लाइन डालने का काम पिछले एक महीने से चल रहा है। पार्षद के मुताबिक रास्ता फिलहाल बंद रखा गया है और अगले 10 से 15 दिनों में यह काम पूरा हो जाएगा।*

# गैस कटर से एटीएम काटकर 7 लाख ले उड़े लुटेरे, तलाश जारी

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के जालंधर बाईपास रोड पर एल्डिको के बाहर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को बीती रात लुटेरों ने निशाना बनाया है। बदमाशों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर करीब 7 लाख रुपये की नकदी से भरी चार ट्रे लेकर भाग गए। जानकारी के अनुसार यह वारदात रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच हुई लुटेरे पूरी तैयारी के साथ आए थे और लुटेरों ने गैस कटर से शटर को काटकर अंदर दाखिल हुआ। एटीएम के अंदर पहुंचने के बाद लुटेरों ने मशीन को गैस कटर से काट दिया और सीधे कैश बॉक्स को निशाना बनाया। इसके बाद उन्होंने नकदी से भारी चार ट्रे निकाल लीं, जिनमें करीब 7 लाख रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पूरी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अनिल कुमार ने बताया कि सुबह मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि एटीएम का शटर कटा हुआ और अंदर मशीन से छेड़छाड़ की गई थी। उन्होंने कहा कि एटीएम रात को बंद रहता है, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही लुधियाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और स्थानीय थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फिलहाल पुलिस एटीएम और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच रही है। इस वारदात में दो से तीन लोगों के शामिल होने की आशंका है।

**खुशखबरी** ईवी चार्जिंग स्टेशन तैयार, निगम के कई अधिकारी डीजल वाहनों में सफर कर प्रदूषण बढ़ा रहे

# लुधियाना में जल्द 100 नई इलेक्ट्रिक बसें दौड़ती नजर आएंगी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

औद्योगिक शहर लुधियाना में बढ़ते प्रदूषण को कम करने और हरित गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम की तरफ से बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी 'पीएम ई-बस सेवा' योजना के तहत लुधियाना की सड़कों पर जल्द ही 100 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें दौड़ती नजर आएंगी। इन बसों के निर्बाध संचालन के लिए 18.16 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से दो अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं।

लेकिन, इन बड़े प्रोजेक्ट्स के बीच निगम की कथनी और करनी में बड़ा अंतर सामने आ रहा है। एक तरफ जनता को 'गो ग्रीन' का पाठ पढ़ाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ निगम के कई उच्च अधिकारी आज भी सरकारी डीजल गाड़ियों में सफर कर रहे हैं, जिससे हर साल खजाने पर करोड़ों रुपये के तेल का बोझ पड़ रहा है।

**हंबड़ा और घोड़ा रोड पर तैयार हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर**

ई-बसों की चार्जिंग और मेंटेनेंस के लिए नगर निगम ने शहर में दो प्रमुख स्थानों को चुना है, जहां काम तेजी से चल रहा है। पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग स्टेशन हंबड़ा रोड पर बनाया जा रहा है, जिस पर लगभग 12.33 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं, दूसरा चार्जिंग स्टेशन घोड़ा रोड पर तैयार हो रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 5.83 करोड़ रुपये है। निगम अधिकारियों के मुताबिक, इन स्टेशनों पर हाई-कैपेसिटी वाले चार्जर लगाए जाएंगे, जिससे बसें कुछ ही समय में चार्ज होकर दोबारा रूट पर दौड़ने के लिए तैयार हो जाएंगी। इससे शहरवासियों को एक सुगम, सुरक्षित और इको-फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलेगी।

**खुद मिसाल पेश करे नगर निगम**

शहर के पर्यावरणविदों और जागरूक नागरिकों का मानना है कि जब 18.16 करोड़ रुपये खर्च करके शहर में बेहतरीन ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया ही जा रहा है, तो क्यों न निगम के आला अधिकारियों की सरकारी डीजल गाड़ियों को भी चरणबद्ध तरीके से ई-कारों में बदल दिया जाए? इससे न केवल सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये बचेंगे, बल्कि लुधियाना सच में एक 'ग्रीन सिटी' बनने की राह पर आगे बढ़ेगा।




**सिर्फ मेयर और कमिश्नर को मिली हाइब्रिड**

*एक तरफ नगर निगम शहरवासियों को इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित कर रहा है, वहीं खुद निगम के आला अधिकारियों का सरकारी डीजल गाड़ियों से मोह नहीं छूट रहा है। यह सच है कि बदलाव की शुरुआत करते हुए निगम कमिश्नर और मेयर के लिए नई हाइब्रिड गाड़ियां मंगवाई गई हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल हैं। लेकिन निगम का एक बड़ा तबका आज भी पुरानी व्यवस्था पर ही चल रहा है। वर्तमान में जोनल कमिश्नर, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, म्युनिसिपल टाउन प्लानर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सहित कई अन्य उच्च अधिकारियों के पास सरकारी डीजल गाड़ियां मौजूद हैं।*

# 15 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज हैं तीन नशा तस्करी के मामले

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद नशे की पूर्ति के लिये नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी थाना कुमकला की कटानी चौंकी की पुलिस ने नशीले प्रदार्थ के साथ काबू किया है। मामले की जानकारी देते कटानी कलाँ चौंकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह सैनी ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीप सिंह उर्फ जग्गी पुत्र मनजीत सिंह निवासी गांव कटानी कलां को काबू किया। आरोपी की तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले सिल्वर प्लास्टिक लिफाफे बरामद किए हैं। आरोपी थाना कुमकला में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वांछित था। सब इंस्पेक्टर सुरजीत सैनी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी के तीन मामले दर्ज है आरोपी पिछले दो साल से ख़ुद नशे का आदि है पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 183